भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †523
सोमवार, 6 फरवरी, 2023/17 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशों में भारत की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करना

†523. श्री भोलानाथ 'बी.पी. सरोज':

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विदेशों में भारत की पर्यटन क्षमता को दर्शाने के लिए चालू वर्ष के दौरान सरकार द्वारा शुरू किए गए संवर्धनात्मक कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस प्रयोजनार्थ किन-किन देशों का चयन किया गया है;

(ग) इस कार्य के दौरान किन-किन नई विशेषताओं पर प्रकाश डाला जा रहा है; और

(घ) इस संबंध में पर्यटन अवसंरचना के विस्तार के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी को बढ़ाने के लिए देश के विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और पर्यटन गंतव्यों को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन सृजक बाजारों में भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है ।

उपरोक्त उद्देश्यों को एकीकृत विपणन और संवर्धनात्मक कार्यनीति और यात्रा व्यापार, राज्य सरकारों तथा विदेशों में स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान के माध्यम से पूरा किया जाता है ।

पर्यटन मंत्रालय ने 31 दिसंबर, 2021 से 15 जनवरी, 2022 तक दुबई एक्सपो में भाग लिया । इस पर्यटन पखवाड़े के दौरान इंडिया पविलियन में विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनकी अध्यक्षता पर्यटन मंत्रालय और विभिन्न भारतीय राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ यात्रा व्यापार संघों के प्रतिनिधियों द्वारा की गई ।

पर्यटन मंत्रालय ने 9 मई से 12 मई, 2022 तक आयोजित अरेबियन यात्रा बाजार दुबई, 2022 में भाग लिया ।

पर्यटन मंत्रालय और विभिन्न राज्य पर्यटन विभागों ने 07 से 09 नवंबर, 2022 के दौरान विश्व यात्रा बाजार 2022 (डब्ल्यूटीएम) में भाग लिया ।

इस कार्यक्रम के दौरान पर्यटन मंत्रालय ने टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों और विभिन्न अन्य हितधारकों के साथ बिजनेस टू बिजनेस (बी 2 बी) बैठकें की और महामारी के पश्चात अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का स्वागत करने के संबंध में भारत की तैयारियों के बारे में ट्रैवल मीडिया को अवगत कराने के लिए प्रेस मीट का आयोजन किया । इसके अलावा, इंडिया पविलियन में संस्कृति, विरासत और विशिष्ट पर्यटन उत्पादों जैसे व्यंजन, निरोगता, योग, वन्यजीव और लग्ज़री आदि सहित भारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।

पर्यटन मंत्रालय ने बुद्ध के जीवन और भारत में बुद्ध तथा बौद्ध धर्म से जुड़े विभिन्न स्थानों/स्थलों पर फोकस करते हुए जापान, भूटान, वियतनाम, थाईलैंड, श्रीलंका, कंबोडिया, दक्षिण कोरिया और मलेशिया में अंतर्राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया था । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बौद्ध देशों में युवाओं और छात्रों में जिज्ञासा उत्पन्न करना था और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को 24 से 28 नवंबर 2022 तक एक फैम ट्रिप पर ले जाया गया था ।

पर्यटन मंत्रालय ने अप्रैल से सितंबर, 2022 तक 17 देशों में वर्चुअल रोड शो- "अतुल्य भारत रीकनेक्ट इवेंट" आयोजित किया (यूएसए, ओमान, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, थाईलैंड, स्पेन, यूके, फ्रांस, इटली, पुर्तगाल, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, श्रीलंका, नीदरलैंड और कनाडा) ।

आगंतुकों के आगमन को बढ़ावा देने के लिए, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "इन्क्रेडिबल इंडिया! विजिट इंडिया वर्ष 2023" घोषित किया है ।

(घ): देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में दो योजनाएं अर्थात् स्वदेश दर्शन - थीम आधारित पर्यटक परिपथों का एकीकृत विकास और प्रसाद-तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान शुरू की है ।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत 31 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 5315.59 करोड़ रु. की राशि से कुल 76 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं हैं। पर्यटन मंत्रालय ने अब एक गंतव्य और पर्यटन केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए सतत और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन 2.0 के रूप में इस योजना को एक नया रूप दिया है ।

प्रशाद योजना के तहत भी 1586.10 करोड़ रु. की राशि से 45 परियोजनाओं को विकास हेतु चिह्नित किया गया है ।

*****